# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{20 चैत्र, 1937 (श०)}}{\text{10 अप्रील, 2015 (ई०)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 121**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 52 |
| (2) स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 56 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) विधि विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 121 |

कार्रवाई करना

*1333. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के लखौरा स्वास्थ्य केन्द्र जर्जर है एवं ठेकही बाजार स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण वर्ष 2005 से लम्बित है तथा लक्ष्मीपुर स्वास्थ्य केन्द्र का कार्य वर्ष 2010 से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो जर्जर स्वास्थ्य केन्द्र की मरम्मती एवं अधूरे स्वास्थ्य केन्द्र को शीघ्र निर्माण कर चालू कराने हेतु सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1334. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम-रूपनारायणपुर बेला (मुसहर टोला), पुनास पंचायत के पासवान टोला, नीरपुर पंचायत के चक अशरफ ग्राम, कर्पूरी ग्राम के डढ़िया बेलार आदि स्थानों पर अवस्थित काफी टुल्लू विद्युत् ट्राँसफॉर्मर नौ माह पहले जल चुके हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जले टुल्लू ट्राँसफॉर्मरों के स्थान पर नया विद्युत् ट्राँसफॉर्मर लगाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1335. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के विदुपुर प्रखंड में विद्युत् आपूर्ति हेतु 33,000 वोल्ट का तार काफी सुनसान इलाका होकर गुजरता है जिसके टूटने या उसमें खराबी आने पर विद्युत् आपूर्ति 4-5 दिनों तक बंद हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार हाजीपुर-महनार पथ से होकर विदुपुर प्रखंड को विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन बनाना

*1336. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के पंचायत कटैया माहे के ग्राम-कटैया माहे में अवस्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर स्थिति में है जिससे स्वास्थ्य कर्मियों एवं मरीजों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र का नया भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सेवा शुरू कराना

*1337. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय में 250 चिकित्सक का पद स्वीकृत है जिसमें 150 चिकित्सक ही पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सक की कमी के कारण आपातकालीन सेवा आम जनता को 24 घंटे उपलब्ध नहीं हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महाविद्यालय में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कर 24 घंटे आपातकालीन सेवा आम जनता को देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1338. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रखंड हथुआ के ग्राम-जींगना जगन्नाथ, कुसौंधी, खेमनटोला एवं प्रखंड फुलवरिया के ग्राम-बथुआ बाजार में विद्युत् ट्राँसफॉर्मर विगत एक साल से जला हुआ है जिसके कारण उपभोक्ताओं को विद्युत् की आपूर्ति नहीं हो पा रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल पर ट्राँसफॉर्मर बदलवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1339. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम-बिजवनपर में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य विगत दस वर्षों से चल रहा है परन्तु आजतक पूरा नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इसका निर्माण कार्य पूराकर उसे चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*1340. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा प्रखंड के मंझौलिया स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन जर्जर है तथा प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी का अभाव है जिसके कारण लोग चिकित्सा सुविधा से वंचित हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र भवन का पुनर्निमाण कराने एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल एवं तार बदलना

*1341. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड अन्तर्गत बेऊर के हरनीचक महुलीटोला में श्री बाँके पंडित जी के घर से श्री अशोक चौधरी के घर तक पोल और तार जर्जर हो गया है, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त पोल और तार को बदलवाने का विचार रखती है ?

---

उत्क्रमित करना

*1342. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पूसा प्रखण्ड के चन्दौली पंचायत के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र (6 बेड) में काफी भीड़ रहती है, जिससे आमजनों को इलाज करवाने में परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो जनहित में उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र (6 बेड) को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (30 बेड) में सरकार उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुनिश्चित कराना

*1343. डॉ॰ इजहार अहमद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत गौड़ा बौराम, किरतपुर और बिरौल प्रखण्डों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक नर्स एवं पारा मेडिकल स्टॉफ की कमी तथा जाँच की सुविधा नहीं रहने के कारण वहाँ की जनता को चिकित्सा आदि में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार नियमानुसार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक आदि की व्यवस्था कबतक सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1344. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के कजरा में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने की स्वीकृति 2007 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण अभीतक नहीं होने से स्थानीय क्षेत्र को नियमित विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कजरा विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रिक्त पद भरना

*1345. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पतालों में दंत चिकित्सकों के सभी पद पिछले दो वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

शामिल करना

*1346. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 9 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''उपेक्षित है मुगलकालीन बैरम सिंह का महल'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमण्डल के भरतखण्ड गाँव स्थित मुगलकाल में बना बैरम सिंह का ऐतिहासिक महल पाँच बिगहा 5 कट्ठा 5 धुर 5 धुरकी में बना हुआ है, जो बावन कोठली तिरपन द्वार के नाम से जाना जाता है, जो संरक्षण के अभाव में जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक महल को संरक्षित करने तथा पर्यटन मानचित्र में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार बदलना

*1347. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के कोचाधामन विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत किशनगंज एवं कोचाधामन प्रखण्डों में पुराने एवं जर्जर विद्युत् तारों से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है जिस कारण प्रायः दुर्घटना एवं विद्युत् आपूर्ति बाधित होती रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बिजली तारों को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1348. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना की राशि द्वारा तरैया विधान-सभा क्षेत्र के प्रखण्ड पानापुर, इसुआपुर तथा तरैया के 87 गाँवों को ऊर्जान्वित करने हेतु कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत् आपूर्ति कार्य प्रमण्डल, छपरा पूर्वी, सारण द्वारा स्वीकृत प्राक्कलन में वर्णित कोडिकावार विशिष्टयों के अनुरूप योजना कार्य सम्पादित नहीं कर रहा है साथ ही कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुनिश्चित करना

*1349. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड उचका गाँव के ग्राम पंचायत राज बलेसरा में अवस्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बलेसरा में रात्रि के समय स्वास्थ्य कर्मी नहीं रहते हैं तथा न ही उपरोक्त केन्द्र का अपना भवन है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त केन्द्र हेतु भवन निर्माण कराकर वहाँ पर रात्रि में स्वास्थ्य कर्मी की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1350. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौडीहा किराया के मकान में चलता है, जिससे चिकित्सकों को इलाज करने, रोगियों को ठहरने तथा दवा के रख-रखाव में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वा० केन्द्र का अपना भवन निर्माण का विचार रखती है ?

--------

स्थापित करना

*1351. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमारखंड प्रखंड के गोपालपुर ग्राम में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-गोपालपुर में एक 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*1352. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 10 दिसम्बर, 2014 के अंक में छपी खबर "सरकारी अस्पतालों में ठप है मोतियाबिंद ऑपरेशन" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग के दस्तावेजों के अनुसार राज्य में पाँच लाख मोतियाबिन्द के रोगी हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में मात्र 64 हजार मरीजों का ही ऑपरेशन राज्य के सरकारी अस्पतालों में हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों में लेंस की अनुपलब्धता के कारण मोतियाबिन्द का ऑपरेशन कार्य पिछले 6 महीने से ठप है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि का उपलब्धता के बाद भी राज्य के सरकारी अस्पतालों में मोतियाबिन्द का ऑपरेशन बन्द रहने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्रवाई करना

*1353. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री क्षेत्रीय विकास योजनाओं के अधीन ली जाने वाली योजनाओं में 5 लाख तक की योजना में माननीय विधायक द्वारा शिलान्यास या उद्घाटन किया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2010-11, 2011-12 एवं 2012-13 में उक्त नियम का पालन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा इसके लिये दोषियों के विरुद्ध सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*1354. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत खानपुर प्रखंड में फतेहपुर, बावन घाट तथा मधु टोल स्थित स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के भवन जर्जर है तथा चिकित्सक एवं अन्य कर्मी भी पदस्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन की मरम्मती कराकर स्वास्थ्य सेवा सुचारू रूप से बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*1355. श्री राम सूरत राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई विधान-सभा क्षेत्र स्थित कटरा प्रखंड के पहुआर पूर्वी, पश्चिमी कराई, बंगोल सहित दर्जनों गाँव में आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के उपरान्त भी विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*1356. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है मधुबनी जिला के बेनीपुर प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र, हरिपुर के भवन की स्थिति अत्यन्त जर्जर रहने के कारण लोगों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कबतक सरकार कराने का विचार रखती है ?

मुक्त कराना

*1357. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखण्ड के पंचायत महेशपुर, ग्राम-महेशपुर में अवस्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन को स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन को मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*1358. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के कहरा प्रखण्ड के बरियाही पी०एच०सी० के लेखापाल द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन राशि के रूप में 250 रुपया प्रति रोगी देने में कोताही बरती जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी कर्मी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------

चालू कराना

*1359. श्री प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि न्यू सचिवालय, पटना स्थित राजकीय औषधालय में सचिवालय कर्मियों के लिये निःशुल्क पैथोलॉजिकल जाँच, डिजीटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा विगत आठ माह से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त औषधालय में जाँच की सुविधा कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् व्यवस्था सुचारू करना

*1360. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के कल्याणपुर प्रखंड के कमाल पकड़ी गाँवों में वर्षों से ट्रॉसफॉर्मर जल जाने से विद्युत् आपूर्ति बाधित है ;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में शीघ्र ट्रॉसफॉर्मर लगाकर विद्युत् व्यवस्था सुचारू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण कराना

*1361. डॉ० अनिल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-संडा, जमुआरा एवं कोंच प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-कोराप में 6 बेड का हॉस्पीटल वर्ष 2006 में स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम-संडा एवं कोराप में हॉस्पीटल के भवन निर्माण हेतु निविदा वर्ष 2008 में निकला एवं पुनः रद्द हो गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तीनों जगहों पर शीघ्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण कराना

*1362. श्री प्रेम कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में 15 जून, 2015 तक सभी गाँवों को बिजली मुहैया कराने हेतु मा० मुख्य मंत्री ने विभागीय पदाधिकारियों को निदेश वित्तीय वर्ष 2014-15 में दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में विद्युतीकरण हेतु अक्टूबर-नवम्बर, 2014 में टेंडर हुआ तथा टेंडर एग्रीमेंट के अनुसार 28,259 गाँवों का विद्युतीकरण नवम्बर, 2016 में पूरा किया जाना है, यदि हाँ, तो सरकार का जून, 2015 तक विद्युतीकरण का कार्य पूरा कराने हेतु क्या कार्य योजना है ?

------

औचित्य बतलाना

*1363. श्री कृष्णनंदन यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के ग्राम-सीतारामपुर, नौडीहा, सोहाड़ी, धामपचरी, यमुनापुर, सोमरन बिगहा महादलित टोला, तेतर में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

विद्युत् आपूर्ति भूमिगत करना

*1364. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के भागलपुर शहर भिखनपुर, मस्कन बरारी, बुढ़ानाथ, नाथनगर, चमार टोला, चम्पानगर आदि मुहल्लों में विगत 3 वर्षों से बिजली की आपूर्ति लकड़ी के पोल एवं जर्जर तार से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लकड़ी के पोल एवं बिजली के जर्जर तार से विद्युत् की आपूर्ति होने से दुर्घटना हो रही है और विद्युत् की आपूर्ति भी बाधित हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर विद्युत् की आपूर्ति भूमिगत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पदस्थापन करना

*1365. <u>श्री रामावतार पासवान</u> : क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है जिसके कारण महिलाओं को चिकित्सा कराने हेतु 20 कि०मी० दूर झंझारपुर तथा 65 कि०मी० दूर दरभंगा जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अन्धराठाढ़ी रेफरल अस्पताल में महिला चिकित्सक का पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है ?

## तार लगाना

*1366. <u>श्री शैलेश कुमार</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत धरहरा प्रखण्ड के माताडीह के लकड़ी आहार ग्राम में पोल गाड़ा गया है, लेकिन अभीतक बिजली का तार नहीं टाँगा गया है, यदि हाँ, इसका क्या औचित्य है ?

## निर्माण करना

*1367. <u>श्री गिरिधारी यादव</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिमुलतला में निर्माणाधीन पावर सब स्टेशन का कार्य विगत दो वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पावर सब स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## ट्रांसफार्मर बदलना

*1368. <u>श्री सत्यदेव नारायण आर्य</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहार शरीफ प्रखण्ड के ग्राम मजिदपुर में 16 के०भी० का ट्रांसफार्मर 2012 ई० से जला हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में जले ट्रांसफार्मर कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## विद्युत सब स्टेशन बनाना

*1369. <u>श्री प्रेम रंजन पटेल</u> : क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सभी प्रखंडों में विद्युत सब-स्टेशन बनाया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत पिपरिया प्रखंड में विद्युत् सब स्टेशन नहीं रहने से वहाँ के लोगों को विद्युत् आपूर्ति सही ढंग से नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिपरिया प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण कराना

*1370. श्री महेन्द्र बैठा- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सदर अस्पताल में विद्युतीकरण कार्य विगत पाँच वर्षों से अवरुद्ध है जिससे रोगी का इलाज करने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, मधेपुरा के पत्रांक 1071, दिनांक 27 सितम्बर, 2013 तथा असैनिक शल्य चिकित्सक-सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक 1281, दिनांक 25 नवम्बर, 2014 द्वारा अस्पताल के सभी कमरों में विद्युतीकरण कार्य कराने हेतु विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, मधेपुरा को अनुरोध किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल के सभी कमरों में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*1371. श्री प्रमोद कुमार - क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला योजना कार्यालय के पत्रांक 1012, दिनांक 24 सितम्बर, 2014, पत्रांक 1125, दिनांक 17 सितम्बर, 2013, पत्रांक 216, दिनांक 29 जनवरी, 2014, पत्रांक 335, दिनांक 13 फरवरी, 2014, पत्रांक 252, दिनांक 18 फरवरी, 2014, पत्रांक 781, दिनांक 30 जुलाई, 2014 द्वारा 100 के०भी०ए०, 63 के०भी०ए० ट्रांसफॉर्मर हेतु विधायक विकास योजना के द्वारा राशि आवंटित की गई परन्तु 98 ट्रांसफॉर्मर में से अबतक 53 स्थानों पर ट्रांसफॉर्मर नहीं पहुँचे जहाँ पहुँचे भी हैं वहाँ 15 स्थान पर ट्रांसफॉर्मर खड़ा है जिससे विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

औचित्य बतलाना

*1372. श्री रत्नेश सादा - क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पतरघट के धबौली में नव सृजित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा दिनांक 6 फरवरी, 2015 को शिलान्यास किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराने हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा द्वारा अपने पत्रांक 6, दिनांक 1 जनवरी, 2015 द्वारा आवंटन की माँग की गयी है परन्तु अभीतक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

नियुक्ति करना

*1373. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच० में लैब टेक्नीशियन, लैब अटेंडेंट, वार्ड अटेंडेंट (हॉस्टल), लैब मैकेनिक, टाइपिस्ट, फिजिकल इंस्ट्रक्टर, एल एवी, ओटी असिस्टेंट (आई), रिहैबिलिटेशन असिस्टेंट, मॉर्चुरी अटेंडेंट, पीउन, माली, कुक, दफ्तरी, गैस कुली, क्लीनर, स्वीपर, एनीमल कीपर एवं नाइट गाइड के क्रमश: 15,27,44,02,03,01,01,01,01,16,02,01,01,03,01,12,01 तथा 07 पद पाँच वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित रिक्त पदों पर कबतक नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्युतीकरण कराना

*1374. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर एवं ताजपुर के ग्राम दरियापुर (राम एवं सहनी टोला, बिशनपुर), पुनास पंचायत के मुस्लिम एवं साह टोला (वार्ड नं० 05) पंचायत पोखरैड़ा के मदनपुर सहित प्रखण्ड के कई टोला अविद्युतीकृत है, यदि हाँ, तो इसे कबतक विद्युतीकरण कराने की योजना है ?

----------

परिवर्तित करना

*1375. श्री अवधेश सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखण्ड के दयालपुर पंचायत के स्वास्थ्य केन्द्र को वर्ष 1993 में उप-स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित कर दिया गया है जबकि इसके 10 कि०मी० के दायरे में कोई दूसरा स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दयालपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र में पुन: परिवर्तित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1376. श्रीमती रेवती देवी--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 मार्च, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''गुस्साये ग्रामीणों ने पुल निर्माण का काम रोका'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के फरही कन्हैली मार्ग पर जोगीपुर गाँव के पास चक्कर धार पर मुख्य मंत्री योजना से 65 मीटर लम्बा चार स्पेन के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसके घटिया गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य स्थल पर जाकर हंगामा कर कार्य रोकने का प्रयास किया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण में प्रयोग किये गये घटिया सामग्रियों की जाँच कर संबंधित पदाधिकारियों एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना करना

*1377. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत सरमेरा प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण वहाँ महिलाओं को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र में कबतक महिला चिकित्सक के पदस्थापना का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों?

--------

निर्माण कराना

*1378. श्री श्याम बिहारी राम--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास गढ़ किला पर जाने के लिये रोप वे बनाने की योजना सरकार के विचाराधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास गढ़ किला पर जाने हेतु आवागमन का कोई साधन आजतक नहीं बन पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोप वे का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन कराना

*1379. श्री राम सूरत राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कटरा प्रखण्ड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जजुआर का भवन जर्जर एवं चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने से स्थानीय जनता को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर स्वास्थ्य केन्द्र भवन का जीर्णोद्धार तथा चिकित्सकों का पदस्थापन कर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

--------

मुहैया कराना

*1380. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखण्ड के मंजौर पंचायत स्थित ग्राम-श्याम नगर में दिनांक 6 जनवरी, 2015 को आग लग जाने से महादलित परिवार का 8 घर जलकर राख हो गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अग्निपीड़ितों को इन्दिरा आवास एवं अन्य सहायता मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1381. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत कहलगाँव प्रखण्ड के अकबरपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण चारागाह बन चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अकबरपुर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

औचित्य बतलाना

*1382. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर विधान-सभा क्षेत्र के सोन नहर के कटेया लाइन, बिहियाँ लाइन और लहठान रजवाहा के नीचले छोड़ तक नलकूप है;

(2) क्या यह बात सही है कि सोन नहर में उक्त लाइन के नलकूप का विद्युतीकरण नहीं होने से सोन नहर का पानी नहीं पहुँच रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-----------

मरम्मती कराना

*1383. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर विधान-सभा क्षेत्र में वर्ष 2013 में आयी भीषण बाढ़ से कुल ग्यारह पथ पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गये हैं जिसकी मरम्मती/निर्माण हेतु मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग के पत्रांक 3292, दिनांक 10 सितम्बर, 2013 द्वारा उक्त सभी पथों का फोटो एवं प्राक्कलित राशि का ब्योरा विभाग को प्रेषित करने के बावजूद आजतक राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिससे सड़क आज भी जर्जरावस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक राशि उपलब्ध कराकर उक्त सभी सड़कों का निर्माण/मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

-----------

कार्रवाई करना

*1384. श्री अरुण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक "चार साल में नींव तक पहुँची योजना" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लौकही प्रखण्ड के धनछीहा गाँव के तिलयुगा नदी पर निर्मली जल विद्युत् परियोजना का निर्माण कार्य 65 करोड़ की लागत से अक्तूबर, 2011 में प्रारंभ की गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि चार साल समय बीतने के बावजूद भी अभीतक नींव तक ही कार्य हुआ जबकि 2015 तक कार्य पुरा करना था;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त अधूरे परियोजना को पूर्ण कराने तथा दोषी संवेदक एवं विभागीय पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

मानक के अनुरूप चलाना

*1385. डॉ० अरूण कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमण्डलीय अस्पताल भवन का निर्माण एवं उद्घाटन को तीन वर्ष हो गया है किन्तु अभीतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमण्डलीय अस्पताल को अनुमंडलीय मानक के अनुरूप चलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

आपूर्ति करना

*1386. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखण्ड अन्तर्गत मनसाही केवाला में बिजली के पोल गड़े हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार तार, ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराकर विद्युत् आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1387. श्री विक्रम कुँवर--हिन्दी दैनिक सामाचार में प्रकाशित ''बिजली विभाग के ब्लैक लिस्टेड बैंक में रखा पैसा'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग द्वारा सात हजार करोड़ की राशि 2012 से 2014 तक केनरा बैंक को ब्लैक लिस्टेड बैंक की सूची में था, में जमा कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग द्वारा ऊर्जा विभाग से विगत एक वर्ष पूर्व जवाब माँगा गया है, परन्तु अभीतक जवाब अप्राप्त है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराना

*1388. श्री संजय सिंह टाईगर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत उदवन्तनगर प्रखण्ड के बकरी (केशोपुर) पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि बकरी में उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन निमाण हेतु दानदाता द्वारा सरकार को जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है, परन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## चालू कराना

*1389. श्री ललन राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड नवीनगर में पंचायत हरिहरठरदाना के गाँव तेनुआँ में आयुर्वेदिक अस्पताल पाँच वर्ष से बन्द है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त औषधालय को चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## स्थापित करना

*1390. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर एवं बैसा प्रखंड मुख्यालय से 15 कि०मी० की दूरी तक एक भी स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार इन प्रखंडों में स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## बिजली आपूर्ति करना

*1391. श्री (मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के प्रखंड बहादुरगंज के समेश्वर पंचायत के टप्पू टोला, समेशर, लौचा पंचायत के मुस्ताक टोला, लौचा आदि में संवेदक द्वारा पोल गाड़कर छोड़ दिया गया है एवं कार्य बहुत ही धीमी गति से किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में अबतक बिजली की आपूर्ति नहीं की गयी है, जिससे आमजनों में काफी आक्रोश है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में विद्युत् कार्य में तेजी लाने एवं बिजली की आपूर्ति अविलम्ब करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## मुआवजा देना

*1392. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला में वर्ष 2015 में सकरी नदी में बाढ़ आ जाने से वारिसलीगंज प्रखंड के रामीतार नगर, दरियापुर, पैंगरी, हेमदा इत्यादि ग्रामों के निवासियों का घर ध्वस्त हो गया साथ ही घर की सामग्री एवं मवेशी नदी की धारा में बह गया किन्तु अभीतक उक्त बाढ़ पीड़ितों को सरकार द्वारा किसी प्रकार की सहायता मुआवजा नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पोल-तार लगाना

*1393. श्रीमती मंजू कुमारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर एवं पूसा प्रखंड के सभी ग्रामों का विद्युत् तार-पोल 60 वर्ष पुराना है जो अब अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे प्रायः अप्रिय घटना घटती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में कबतक उक्त पोल-तार बदलने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*1394. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के सिधवलिया प्रखंड के डुमरिया पंचायत अन्तर्गत कटहरिया ग्राम एवं बुचियाँ पंचायत के बुचियाँ चापा वार्ड नं० 14 एवं मस्जिद टोला में वर्ष 2003-04 में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य हुआ था जो अभीतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में विद्युतीकरण बहाल करने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*1395. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 14 फरवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''ऊर्जा पार्क का निर्माण साल भर बाद भी अधर में'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013 में पटना जिला स्थित करबिगहिया पावर सब-स्टेशन में ऊर्जा पार्क निर्माण हेतु तत्कालीन मुख्य मंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया है, लेकिन आजतक उक्त ऊर्जा पार्क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा इसमें विलम्ब करने वाले संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*1396. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखंड के बरीसवन गाँव में अवस्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वित्तीय वर्ष 2009-10 में 50 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति के बाद भी आजतक भवन निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन निर्माण का विचार रखती है ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1397. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के बिहपुर दक्षिण पंचायत के सोनवर्षा दूमँही के महादलित टोला में ट्रांसफॉर्मर नहीं रहने के कारण महादलित टोला के लोगों को अंधेरे में अपना जीवन-यापन करना पड़ रहा है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सोनवर्षा दूमँही के महादलित टोला में मंदिर के पास ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*1398. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखण्ड स्थित कोसी दियारा के पंचायत यथा गढ़गाँव, महपतिया, डारह, द्वालख, बकुआ, भगाना, बसीपट्टी, करहारा, भटरस के ग्रामों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक यहाँ विद्युतीकरण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*1399. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पी०एच०सी० और रेफरल अस्पताल, फुलपरास एवं पी०एच०सी०, घोघरडीहा तथा पी०एच०सी०, मधेपुर में महिला चिकित्सक का पदस्थापन नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार वर्णित अस्पतालों में कबतक महिला चिकित्सक का पदस्थापन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन की मरम्मती

*1400. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत त्रिहमा के ग्राम-बेलाडीह, वार्ड नं० 2 में स्थित सामुदायिक भवन की स्थिति बहुत जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सामुदायिक भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री**--मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना की संशोधित मार्गदर्शिका-2014 की कंडिका-6(5) के तहत सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य अनुमान्य है ।

किन्तु मार्गदर्शिका की कंडिका-6 'क' की उप-कंडिका-1 की प्रतिबंधित कार्यों की दृष्टांत सूची के अनुसार किसी भी प्रकार के चल-अचल परिसम्पत्ति की मरम्मती एवं अनुरक्षण-संबंधी कार्य प्रतिबंधित है ।

अतः मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना से सामुदायिक भवन की मरम्मती करना संभव नहीं है ।

मुआवजा देना

*1401. श्री (डॉ०) मो० जावेद–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान-सभा क्षेत्र अंतर्गत टी०पी०टी०एल० कंपनी द्वारा 400 के०भी०ए० का टावर सहित विद्युत् तार लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में उक्त कम्पनी के पदाधिकारी द्वारा प्रावधानानुसार भूमि एवं फसल का उचित मुआवजा ना देकर लाभुकों के ऊपर केस करने की धमकी दी जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इसको जाँच कराकर लाभुकों को उचित मुआवजा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*1402. श्री सुबोध राय–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत आर०आई०डी०एफ० XI योजनान्तर्गत पाँच स्वास्थ्य उप-केन्द्र यथा श्रीपुर, चाड़ा-बड़गाँव, सोनवर्षा, तरहौहा एवं उचाडीह का भवन निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य हेतु आवंटित राशि में से शेष बची अधियाचित राशि को कार्य पूर्ण होने के एक वर्ष उपरांत भी कार्यकारी एजेंसी को विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भुगतान का विचार रखती है ?

---

औचित्य बतलाना

*1403. श्रीमती सुनीता सिंह–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, शरिफ नगर के 9 राजस्व गाँव है तथा प्रत्येक राजस्व गाँवों को ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के लिये 10,000 (दस हजार) रुपये वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 में आवंटित किया गया है जो खर्च नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

चालू कराना

*1404. श्री आलोक रंजन–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सदर अस्पताल में आँख का इलाज एवं उसकी सर्जरी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण कोसी क्षेत्र के गरीब जनता को निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार सहरसा सदर अस्पताल में बन्द पड़े आँखों के इलाज को पुनः चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उपलब्ध कराना

*1405. श्री महेश पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखण्ड के पोठिया बाजार में अवस्थित अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में वर्ष 2012 में डॉक्टर, कम्पाउंडर, नर्स तथा दवाई नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज हेतु काफी दूर के स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, कम्पाउंडर एवं नर्स को पदस्थापित करने के साथ-साथ दवाई उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रा०स्वा० केन्द्र खोलना

*1406. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के कमरकाला पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण लोगों को 20 किलो मीटर दूर बिरौल तथा बहेड़ी जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*1407. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय नगर परिषद् के वार्ड नं० 1 में इन्द्रदमनेश्वर महादेव मंदिर, अशोकधाम एवं बड़हिया नगर पंचायत स्थित जगदम्बा स्थान में श्रावणी मेला एवं नवरात्रा में बिहार एवं अन्य राज्यों से लोग आते रहते हैं, यदि हाँ, तो उक्त स्थलों पर यात्रियों के लिये पेयजल, सुरक्षा, शौचालय आदि व्यवस्था हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

पदस्थापन कराना

*1408. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान-सभा क्षेत्र स्थित साहर बलवा अस्पताल में एलोपैथिक चिकित्सक का पदस्थापन नहीं रहने के कारण गरीब जनता को उपचार कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित अस्पताल में एलोपैथिक चिकित्सक का पदस्थापन कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

मुहैया कराना

*1409. श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मधवापुर प्रखंड के विशनपुर अस्पताल में एलोपैथिक चिकित्सक का पदस्थापन नहीं होने से आम जनता को लम्बी दूरी तय कर चिकित्सा हेतु जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित अस्पताल में कबतक चिकित्सक का पदस्थापन कर आम जनता को चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*1410. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत वर्ष 2012 तक सभी गाँवों का विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के शंकरपुर प्रखण्ड के पंचायत कयाही, रामपुरलाही, मोरा, झरकहा, गिधा, सोनवर्षा रायभीर पंचायतों का अबतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायतों के सभी गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1411. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड जयनगर पंचायत में वर्ष 2011 में हुई ओलावृष्टि के प्रभावितों के बीच आजतक मुआवजा राशि वितरित नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इसके लिये उत्तरदायी पदाधिकारियों पर अबतक कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

औचित्य बतलाना

*1412. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 20 फरवरी, 2015 के अंक में छपी ''बिहार के आधे से अधिक गरीब रह रहे अंधेरे में'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली देने की योजना वर्ष 2002 से 2012 तक चलायी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवधि में राज्य में गरीबों को बिजली देने की योजना का कार्यान्वयन पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, नेशनल हाइड्रो इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन तथा राज्य बिजली बोर्ड के द्वारा कराया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अवधि में योजना का कार्य लक्ष्य के विपरित मात्र 48 फीसदी ही किया गया;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो योजना का कार्यान्वयन 10 वर्षों में मात्र 48 प्रतिशत ही कराने का क्या औचित्य है ?

निर्माण कराना

*1413. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने से उक्त स्वास्थ्य केन्द्र की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

औचित्य बतलाना

*1414. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के नन्दा मुडा ग्राम में माननीय मुख्य मंत्री द्वारा वर्ष 2013 में अस्पताल के निर्माण कराने हेतु घोषणा की गयी थी, किन्तु निर्माण कार्य आजतक प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

तार बदलना

*1415. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड के चरैया हाथीबंधा एवं अन्य गाँवों में 40 वर्ष पुराना बिजली का पोल एवं तार रहने के कारण विद्युत् आपूर्ति में बाधा एवं दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर पोल एवं तार को बदलने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

इलाज कराना

*1416. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में कुल 91 चिकित्सक के जगह पर 56 चिकित्सक ही कार्यरत रहने के कारण जिला के सदर अस्पताल सहित सभी पी0एच0सी0 में मरीजों को इलाज में काफी कठिनाइयाँ होती हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट एवं चर्म रोग विशेषज्ञ के नहीं रहने के कारण यहाँ एक्स-रे एवं चर्म रोग का इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर मरीजों का इलाज करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1417. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया एवं बौंसी प्रखंड के अन्तर्गत 16 के0भी0ए0 का राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत करीब 100 ट्रांसफॉर्मर विगत 2 वर्षों से जला हुआ है तथा उन क्षेत्रों में पूर्ण रूप से अन्धकार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहरी एवं देहाती क्षेत्रों में 24 घंटे एवं 70 घंटे में बिजली का ट्रांसफॉर्मर बदलने का सरकार का आदेश है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उन क्षेत्रों में नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूर्ण कराना

*1418. श्री उमाकांत यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास विद्युत् पावर स्टेशन से फुलपरास, खुटौना, बाबूबरही विद्युत् सब-स्टेशन में कनेक्ट कर विद्युत् आपूर्ति करने का प्रावधान विगत दो वर्ष पहले किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के तहत फुलपरास से खुटौना तक पोल एवं तार लगाया गया है, किन्तु खुटौना से बाबूबरही तक तार एवं पोल लगाने का कार्य आजतक प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त शेष कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थापित करना

*1419. श्री ललन राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड कुटुम्बा में ग्राम-डुमरी में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम-डुमरी में एक 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*1420. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंडान्तर्गत नवनिर्मित रेफरल अस्पताल, मोहनपुर के लिये चिकित्सक, लैब टेकनिशियन, नर्स आदि का सृजन नहीं होने से अभीतक चालू नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल के लिये आवश्यक पदों का सृजन कर चिकित्सक और कर्मियों की पदस्थापना करते हुये समस्त उपकरण उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चालू करना

*1421. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के गौंडा ग्राम के नलकूप विगत 5 वर्षों से ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण बंद है, जिससे किसानों को पटवन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा उपलब्ध कराना

*1422. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत रमनकाबाद के ग्राम-सोमनडीह आजादी के बाद से अबतक विद्युत् की सुविधा से वंचित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में विद्युत् की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*1423. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखण्ड के कोड़ीयारामपुर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 15 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के संयुक्त सचिव के पत्रांक 917, दिनांक 31 अगस्त, 2012 के द्वारा सिविल सर्जन, सीतामढ़ी, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना एवं विभाग को भवन निर्माण से सम्बन्धित कार्रवाई करने का पत्र दिया गया है फिर भी भवन का जीर्णोद्धार नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त भवन का जीर्णोद्धार अभीतक नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

ग्रिड उप-केन्द्र से जोड़ना

*1424. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर विद्युत् उप-केन्द्र को विद्युत् आपूर्ति हेतु सीधे 132/33 के० भी० ग्रिड उप-केन्द्र, चैनपुर, मशरक से नहीं जोड़ा गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पानापुर विद्युत् उप-केन्द्र को विद्युत् आपूर्ति हेतु सीधे 132/33 के० भी० ग्रिड उप-केन्द्र, चैनपुर, मशरक से जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*1425. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना (ढाका) अनुमंडल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, फिर भी अनुमंडलीय न्यायालय का संचालन 30 कि0 मी0 दूर मोतिहारी से किया जा रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कराना

*1426 डॉ0 अनिल कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टिकारी प्रखण्ड अन्तर्गत मऊ, भोरी, पंचानपुर एवं कोंच प्रखण्ड अन्तर्गत कावर, आँति एवं देवरा में 6 बेड का हॉस्पीटल 15 वर्ष पूर्व से स्वीकृत है, किन्तु इसका अपना भवन नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित हॉस्पीटल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*1427. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर स्थित श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पूर्व प्राचार्य श्री दिनेश कुमार सिंह दिनांक 31 जनवरी, 2015 को तथा स्टोरकीपर श्री दिलीप कुमार सिन्हा दिसम्बर, 2013 में अवकाश प्राप्त कर चुके हैं किन्तु उनके द्वारा वर्तमान प्राचार्य तथा स्टोरकीपर को चार्ज नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

विद्युतीकरण करना

*1428. श्री अरूण कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अन्तर्गत नगर पंचायत, बरबीघा के वार्ड नं0 19, नारायणपुर में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नगर पंचायत वार्ड नं0 19, बरबीघा में विद्युतीकरण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*1429. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, जगदीशपुर में एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाउण्ड मशीन तथा सिटी स्कैन मशीन नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त उपकरण स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्राँसफॉर्मर लगाना

*1430. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड के मठलोहिया, मल्लाही टोला, सोनवर्षा, मड़वारी टोला, यादवपुर वार्ड नं० 5 एवं रानी छपरा तथा तुरकौलिया प्रखंड के ब्रह्म टोला, मधुरापुर मुखिया के घर के निकट, शंकर सरैया, शेखशरण टोला, जोलगाँवा, चैनपुर, मुहब्बत छपरा जयमंगल सिंह के निकट हरदिया, बेलघरी, चैनपुर पूर्व मुखिया के निकट बगही ग्राम-डुमही, पन्नापुर, रँजिता, तधवा टोला, मेहता टोला, कुतपुर, सपहीवृतिया, तनसरैया, सपही बाजार का ट्राँसफॉर्मर जला हुआ है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जले ट्राँसफॉर्मर के स्थान पर नवीन ट्राँसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युतीकरण करना

*1431. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के रोशनपुर पंचायत के लकड़ा कोल ग्राम की आबादी लगभग 4,000 है, किन्तु आजादी के बाद से अबतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

-------

कार्रवाई करना

*1432. श्री अब्दुस सुबहान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु 2012 में स्वीकृति प्रदान करने के बाद आगे की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, यदि हाँ, तो इसके लिये सरकार कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

------

तार बदलना

*1433. श्रीमती सुखदा पाण्डेय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड में बालापुर से सोनवर्षा ग्राम-चौसा, प्रखण्ड सरेंजा, रामपुर, जलीलपुर पंचायत के सभी गाँव तथा बक्सर नगर में जर्जर एवं पुराने विद्युत् तारों की वजह से आये दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित जगहों के तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*1434. <u>श्री अशोक कुमार</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड के किशनपुर, मटुआ, नागरबस्ती तथा धुरलख स्थित अति० प्रा० स्वा० केन्द्र भवनविहीन है जिससे मरीजों तथा चिकित्सकों को घोर असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में इन अस्पतालों का निर्माण कबतक कराना चाहती है ?

विद्युतीकरण कराना

*1435. <u>श्री महेश पासवान</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखण्ड के पीरमुकाम पंचायत के नाकी, दरमाही बखरीयाँ, मुसाहरी, सातमी, चोंचला गाँवों में आजतक विद्युतीकरण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् आपूर्ति बहाल करना

*1436. <u>श्री रामेश्वर प्रसाद</u>--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नोखा विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत मुख्य मंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत वर्ष 2013-14 में 31 ट्रांसफॉर्मर लगाने की अनुशंसा किया गया था जो लगा दिया गया है, किन्तु तार नहीं बदला गया है, जिससे विद्युत् आपूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

निर्माण करना

*1437. <u>श्री विजय कुमार सिन्हा</u>--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत साबिकपुर पंचायत अन्तर्गत दामोदरपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दामोदरपुर उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु वर्ष 2011 में 11 लाख रुपये सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी थी ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित गाँव में उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली मुहैया कराना

*1438. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत के वार्ड नं० 6 के यादव टोला में बिजली का पोल, तार एवं ट्रांसफार्मर नहीं रहने के कारण बिजली नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जगह पर बिजली मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

*1439. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत 30 बेड का प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 9 माह पूर्व बनकर तैयार है, किंतु चिकित्सा कर्मी की पदस्थापना, उपकरण एवं उपस्कर के अभाव में अभीतक संचालित नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त व्यवस्था कराकर शीघ्र इसे संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार कराना

*1440. श्री अरुण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग स्थित डिफेन्स कॉलोनी औषधालय का भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस औषधालय का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1441. श्री अमरनाथ गामी--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के सिमरदह स्थान पर अंकुरित शिव जी का मंदिर है जहाँ दूर-दूर से हजारों दर्शनार्थी प्रत्येक रविवार को आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

*1442. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के प्रखंड हरलाखी, ग्राम-कलना में ऊर्जा विभाग

के पत्रांक 612, दिनांक 22 मई, 2012 के द्वारा ट्रॉसफॉर्मर लगाने का आदेश निर्गत किया गया था, परन्तु अभीतक नहीं लगाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी पर कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*1443. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के चैनपुर बाजार में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर एवं चिकित्सक एवं अन्य कर्मी का आवास ध्वस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवनों के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*1444. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखंड के कठौर कुशही गाँव में 30 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कठौर कुशही गाँव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन 15 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बदलना

*1445. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा एवं बरौनी प्रखंड में 11,000 एवं 440 वोल्ट के तारों को दो वर्ष पूर्व ही बदला जाना था, परंतु अभीतक नहीं बदला गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त तारों को बदलवाने का विचार रखती है ?

बिजली पहुँचाना

*1446. श्री श्याम बिहारी राम–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत रोहतास नौहट्टा, चेनारी एवं शिवसागर प्रखंड में पहाड़ी पर किसी भी गाँव में आजतक बिजली नहीं पहुँच पायी है;

(2)क्या यह बात सही है कि प्रखंड के सभी गाँवों में बिजली पहुँचाने की सरकार की योजना है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर बिजली पहुँचाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1447. श्रीमती आशा देवी–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि पटना के दानापुर विधान-सभा क्षेत्र के अन्तर्गत दानापुर नगर परिषद् के वार्ड सं० 10,11,37,38 एवं 39 के विद्युत् उपभोक्ताओं द्वारा बाँस पर तार लेकर ले जाया गया है, जिसके चलते बराबर अप्रिय घटनायें होती रहती है;

(2)क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्यों के द्वारा वर्ष 2010 से ही विभागीय सचिव को पत्र लिखकर उक्त वार्ड में पोल एवं तार की व्यवस्था करने हेतु अनुरोध किया जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

औचित्य बतलाना

*1448. श्री मुजाहिद आलम–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड मुख्यालय में बिजली बिल सुधार हेतु 27 एवं 28 जनवरी, 2015 को कैम्प लगाया गया था, जहाँ प्रश्नकर्ता सदस्य भी उपस्थित थे, परन्तु अभीतक इन बिजली बिलों में सुधार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण कराना

*1449. श्रीमती पूनम देवी यादव–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखंड के बगहा बाजार में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, जो किराये के मकान में वर्ष 1994 से संचालित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र हेतु स्थायी भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1450. श्री (मो०) आफाक आलम–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखंड के सिम्मा पावर सब-स्टेशन में 5 एम०वी० का पावर ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है उस ट्रांसफॉर्मर पर जलालगढ़, कसबा श्रीनगर एवं के नगर प्रखंड के गाँवों को विद्युत् की आपूर्ति होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर ट्रांसफॉर्मर 5 एम०वी० का होने के कारण अत्यधिक बिजली का दबाव रहने से उक्त प्रखंडों के बिजली उपभोक्ताओं को लो भोल्टेज एवं ट्रांसफॉर्मर का फ्यूज उड़ जाने की समस्या 2 वर्षों से बना हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिम्मा पावर सब-स्टेशन पावर ट्रांसफॉर्मर को 10 एम०वी० का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जीर्णोद्धार करना

*1451. श्री अवधेश सिंह–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर प्रखंड के थाथन बुजुर्ग पंचायत के घोसवर ग्राम के उप-स्वास्थ्य केन्द्र विगत 5 वर्षो से जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लक्ष्य पूरा करना

*1452. श्री विक्रम कुँवर–क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के 11 जिलों में 6 माह में बिजली पहुँचाने का कार्य पूरा कराने का लक्ष्य है, यदि हाँ, तो उत्तर बिहार के चार जिले अररिया, पूर्णियाँ, किशनगंज एवं सीवान जिले में बिजली पहुँचाने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में सरकार कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

प्रबंध करना

*1453. श्री प्रेम कुमार–क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गया नगर प्रभावती अस्पताल के आउटडोर में प्रावधानित 33 प्रकार की दवा के बदले उपलब्ध दवा मात्र 18 ही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उपर्युक्त तथ्यों की जाँच कराते हुये मरीजों के हित में कबतक समुचित दवा का प्रबंध कराने का विचार रखती है,नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना:
दिनांक 10 अप्रील, 2015 (ई०) ।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

वि०स०मु० (एल०ए०), 39 डी०टी०पी०--450